रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8
No. of printed pages : 8

132

432 (IBD)

# 2018

# लेखाशास्त्र ( सैद्धान्तिक )

# ACCOUNTANCY (THEORY)

समय : 3 घण्टे ]
Time : 3 hours ]

[ पूर्णांक : 80
[ Max. Marks : 80

**निर्देश** : (i) यह प्रश्न-पत्र तीन भागों में विभक्त है : 'क', 'ख' और 'ग'।
(ii) भाग 'क' सभी परीक्षार्थियों के लिए अनिवार्य है।
(iii) भाग 'ख' और 'ग' में से कोई **एक** भाग हल करना है।
(iv) किसी प्रश्न के सभी भागों के उत्तर यथासंभव साथ-साथ लिखिए।
(v) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सम्मुख दर्शाये गये हैं।

**Instructions :**
(i) This question paper contains three Parts : 'A', 'B' and 'C'.
(ii) Part 'A' is compulsory for all candidates.
(iii) Candidates shall attempt only **one** part of the remaining Parts 'B' and 'C'.
(iv) All parts of a question should be attempted together.
(v) Marks for each question are indicated against it.

## भाग - 'क' (लेखाशास्त्र)
## Part – 'A' (Accountancy)

1. लाभ-हानि नियोजन खाता एवं पुनर्मूल्यांकन खाते के अन्तर को स्पष्ट कीजिए। 2
Explain the difference between profit and loss appropriation account and revaluation account.

2. समता अंशों एवं अधिमान अंशों में कोई दो अन्तर बताइए। 2
Give any two points of distinction between equity shares and preference shares.

3. साझेदारी संलेख की अनुपस्थिति में साझेदारी के क्या नियम लागू होते हैं ? 2
What rules of partnership apply in the absence of partnership deed ?

4. हरण किये हुए अंशों के पुनर्निर्गमन के समय होने वाली रोजनामचा प्रविष्टियाँ दीजिए। 2
Show the journal entries to be passed at the time of re-issue of forfeited shares.

5. A और B एक फर्म में साझेदार हैं, जो लाभालाभ 3 : 2 के अनुपात में बाँटते हैं। उनकी पूँजी क्रमशः ₹ 40,000 तथा ₹ 25,000 है। साझेदारी संलेख के अनुसार लाभ बाँटने से पूर्व पूँजी पर ब्याज 5% पाने का अधिकार है। ब्याज लगाने के पूर्व फर्म के वर्ष के लाभ ₹ 3,900 हुए। यह वर्णन कीजिए कि साझेदारों में लाभ का वितरण किस प्रकार किया जायेगा और पूँजी खाते बनाइए। 3
A and B are partners in a firm, sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. They have capitals of ₹ 40,000 And ₹ 25,000 respectively. According to the partnership deed, they are entitled to interest on capital @ 5% before dividing the profits. During the year the firm earned profit of ₹ 3,900 before allowing interest. State how the profit will be divided between partners and prepare capital accounts.



Downloaded from cclchapter.com

6. एक कम्पनी ने ₹ 100 वाले 2,000, 5% ऋण–पत्र 10% प्रीमियम पर निर्गमित किये जिन पर ₹ 20 आवेदन पर एवं शेष प्रीमियम सहित आबंटन पर देय थे। ₹ 200 ऋण–पत्रों के निर्गमन पर व्यय हुए। कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल के आवश्यक लेखे कीजिए। 3

A company issued 2,000, 5% Debentures of ₹ 100 each at a premium of 10%, payable ₹ 20 on application and the balance with premium on allotment. Expenes on issue of debentures amounted to ₹ 200. Pass the necessary Journal entries in the books of the company.

7. चमन क्लब का निम्न सूचना के आधार पर आगम तथा शोधन खाता तैयार कीजिए --

आगम – चन्दे प्राप्त हुए ₹ 2,400; कमरे का किराया प्राप्त ₹ 140; क्रीड़ा शुल्क ₹ 700; जलपान गृह से प्राप्त राशि ₹ 1500; विनियोगों से प्राप्त ब्याज ₹ 720; प्रवेश शुल्क ₹ 600; दान ₹ 1,200. भुगतान - मरम्मत ₹ 144; लघु व्यय ₹ 240; वेतन ₹ 1,200; छपाई तथा लेखन सामग्री ₹ 360; जलपान गृह का सामान ₹ 1,020; चौकीदार की मजदूरी ₹ 816; विद्युत व्यय ₹ 480; किराया और कर ₹ 600.

नोट – वर्ष के अन्त में अदत्त वेतन ₹ 300 तथा अप्राप्त चन्दा ₹ 500 था। फर्नीचर पर ₹ 200 ह्रास लगाना है। रोकड़ शेष 1 जनवरी, 1998 ₹ 1,116; रोकड़ शेष 31 दिसम्बर, 1998 ₹ 3,516. 4

Prepare a receipt and Payment Account of Chaman Club from the following information :

Receipts : Subscriptions received ₹ 2,400; Rent of room ₹ 140; Games fees ₹ 700; Receipts from canteen ₹ 1,500; Interest on investment ₹ 720; Entrance fees ₹ 600; Donation ₹ 1,200.

Payments : Repairs ₹ 144; Petty expenses ₹ 240; Salaries ₹ 1,200; Printing and stationery ₹ 360; Canteen stores ₹ 1,020; Wages of guard ₹ 816; electric charges ₹ 480; Rent and Taxes ₹ 600. Note : There were outstanding salary ₹ 300 and accrued subscription ₹ 500 at the end of the year. Furniture is to be depreciated by ₹ 200. Cash Balance 1st January 1998 ₹ 1,116. Cash Balance 31st December, 1998 ₹ 3,516.

8. A, B और C, 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभों और हानियों को बांटते हुए साझेदार हैं। B अवकाश ग्रहण करता है। उसका हिस्सा A और C के द्वारा 2 : 1 के अनुपात में ले लिया जाता है। नए लाभ विभाजन अनुपात और लाभ–प्राप्ति अनुपात की गणना कीजिए। 4

A, B and C are partners sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. B retires. His share is taken over by A and C in the ratio of 2 : 1. Calculate the new profit sharing ratio and gaining ratio.

9. निम्नलिखित को समझाइये : (क) कर्मचारी स्कन्ध विकल्प योजना (ख) अपने समता अंशों की वापसी खरीद। 2+2 = 4

Explain the following : (a) Employees stock option plan (b) Buy back of own equity shares.

10. राम लिमिटेड ने प्रत्येक ₹ 10 वाले 900 समता अंशों को जिन्हें 10% की कटौती पर निर्गमित किया था, अन्तिम याचना के ₹ 2 प्रति अंश भुगतान नहीं किये जाने के कारण जब्त कर लिया। इन अंशों को ₹ 13 प्रति अंश की दर से पूर्ण दत्त रूप से पुनः निर्गमित किया गया। जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। 4

Ram Ltd. forfeited 900 equity shares of ₹ 10 each issued at a discount of 10% for the non-payment of final call of ₹ 2 per share. These shares were reissued at ₹ 13 per share as fully paid. Pass necessary journal entries.



Downloaded from cclchapter.com

11. निम्नलिखित दशाओं में कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल के आवश्यक लेखे कीजिए – 2+2 = 4

(i) 4,500, 8% ऋण पत्र प्रत्येक ₹ 100 मूल्य के सममूल्य पर निर्गत हुए एवं भुगतान 5% प्रीमियम पर किया जाना है।

(ii) 2,500, 8% ऋण पत्र प्रत्येक ₹ 100 मूल्य के 5% छूट पर निर्गत किये गये एवं भुगतान 4% प्रीमियम पर होना है।

Pass the necessary journal entries in the books of the company in the following cases –

(i) 4,500, 8% Debentures of ₹ 100 each issued at par and redeemable at 5% premium.

(ii) 2,500, 8% Debentures of ₹ 100 each issued at 5% discount and redeemable at 4% premium.

12. एक फर्म में M और J, 3 : 2 के अनुपात में लाभों को बांटते हुए साझेदार हैं। वे R को नया साझेदार बनाते हैं। M, J और R का नया लाभ–हानि अनुपात 5 : 3 : 2 होगा। R पूँजी के रूप में ₹ 75,000 और अपने हिस्से की ख्याति (प्रीमियम) के लिए ₹ 25,000 लाता है। आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। 6

M and J are partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2. They admitted R as a new partner. the new profit sharing ratio between M, J and R will be 5 : 3 : 2, R brings ₹ 75,000 as capital and ₹ 25,000 for his share of goodwill/premium. Pass necessary Journal entries.

**अथवा (OR)**

एक साझेदारी फर्म ने गत चार वर्षों के दौरान निम्नलिखित शुद्ध लाभ कमाया –

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रथम वर्ष | ₹ 20,000 | तृतीय वर्ष | ₹ 28,000 |
| द्वितीय वर्ष | ₹ 22,000 | चतुर्थ वर्ष | ₹ 34,000 |

फर्म की विनियोजित पूँजी ₹ 1,20,000 है। जोखिम को ध्यान में रखते हुए पूँजी पर उचित प्रतिफल की दर 10% है। उपरोक्त अवधि से प्राप्त औसत अधिलाभों के तीन वर्ष के क्रय मूल्य के आधार पर ख्याति के मूल्य की गणना कीजिए।

A partnership firm earned net profits during the last four year's as follows –

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1st year | ₹ 20,000 | 3rd year | ₹ 28,000 |
| 2nd year | ₹ 22,000 | 4th year | ₹ 34,000 |

The capital investment of the firm is ₹ 1,20,000. A fair return on the capital having regard to the risk involved is 10%. Calculate the value of goodwill on the basis of 3 years. Purchase of average super profits earned during the above mentioned period.

13. X लि. ने 10,000 समता अंश निर्गत किये जिनका मूल्य ₹ 10 प्रत्येक है एवं उनका भुगतान ₹ 2 आवेदन पत्र के साथ, ₹ 3 आवंटन पर तथा शेष प्रथम एवं अन्तिम याचना पर देय था। कुल 12,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। कम्पनी के निदेशकों ने उन्हें इस प्रकार आवंटन किया – 8,000 अंशों के आवेदकों को आवेदित पूरे अंश आवंटित किये, 3,000 अंशों के आवेदकों के मात्र 2,000 अंश आवंटित किये और शेष 1,000 अंशों के आवेदकों को कोई अंश आवंटित नहीं किये। आवेदन, आवंटन और याचना की सभी राशियाँ प्राप्त हुई। कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा लेखा कीजिए। 6

X Ltd. issued 10,000 equity shares of ₹ 10 each payable as ₹ 2 on applications, ₹ 3 on allotment and the balance on first and final call. Applications were received for 12,000 shares. Directors of the company allotted them as under : Applicants for 8,000 shares were alloted all the shares, applied for 3,000 shares applicants were allotted 2,000 shares and applicants of 1,000 shares were not alloted shares at all. Application, allotment and call money were duly received. Pass necessary Journal entries in the books of the company.

**अथवा (OR)**



Downloaded from cclchapter.com

प्रीमियर लि. ने ₹ 100 वाले 34,481, 6% ऋण पत्र 1 जनवरी, 1999 को निर्गमित किये। इनका भुगतान चार वर्ष के अन्त में किया जाता है। अतः इसके भुगतान के लिए एक सिंकिंग फण्ड खाता बनाना है और इसमें प्रति वर्ष 31 दिसम्बर को एक निश्चित राशि हस्तान्तरित करनी है। प्रथम विनियोग 5% निश्रित ब्याज की दर पर 31 दिसम्बर, 2000 को किया गया। 31 दिसम्बर, 2002 को विनियोग की बिक्री से ₹ 25,22,000 प्राप्त हुए। प्रीमियर लि. की पुस्तकों में ऋणपत्र भुगतान कोष खाता बनाइए। (5% की दर से 4 वर्ष के लिए एक रुपये की वार्षिकी 4.31012 है)।

Premier Ltd. issued 34,481, 6% Debentures of ₹ 100 each on 1st January, 1999. These are paid at the end of four years. A sinking Fund Account is to be opened in the books of Premier Ltd. every year on 31st December, a fixed amount is to be transferred to this account. First investment is made on 31st December, 2000 at 5% p.a. compound rate of interest. On 31st December, 2002 ₹ 25, 22,000 were received by sale of investments. Prepare Debenture Redemption fund Account in the books of Premier Ltd. (Annuity of Re. 1 for 4 years @ 5% is 4.31012).

14. अमर ज्योति, हिसार का 31 दिसम्बर, 1998 को समाप्त होने वाले वर्ष का आगम शोधन खाता निम्नलिखित है –

| प्राप्तियाँ | धनराशि (₹) | भुगतान | धनराशि (₹) |
|---|---|---|---|
| शेष | 640 | सामान्य व्यय | 50 |
| चंदा 1998 | 850 | ड्रामा–व्यय | 200 |
| 1999 | 25 | अखबार आदि | 300 |
| टिकट–विक्रय | 355 | वेतन | 500 |
| दान | 400 | दान दिया | 50 |
| पुराने अखबारों का विक्रय | 25 | कर | 25 |
| | | बिजली व्यय | 335 |
| | | शेष | 835 |
| ₹ | 2,295 | ₹ | 2,295 |

अमर ज्योति, हिसार का 31 दिसम्बर, 1998 को समाप्त होने वाले वर्ष का आय–व्यय खाता बनाइए। निम्नलिखित सूचनाओं का ध्यान रखिए –

एक भवन ₹ 20,000 का है, जिस पर 5% ह्रास काटना है। सदस्य संख्या 500 है वार्षिक शुल्क ₹ 5 प्रति सदस्य है। 6

Following is the Receipts and Payment Account of Amar Jyoti, Hisar for the year ended 31st December, 1998.

| Receipts | Amount ₹ | Payments | Amount ₹ |
|---|---|---|---|
| To balance b/d. | 640 | By General Exp. | 50 |
| To subscription 1998 | 850 | By Drama Exp. | 200 |
| 1999 | 25 | By Newspaper etc. | 300 |
| To tickets sold | 355 | By Salaries | 500 |
| To Donation | 400 | By Donation | 50 |
| To sale of old newspapers | 25 | By Tax | 25 |
| | | By Electricity Exp. | 335 |
| | | By Balance c/d | 835 |
| | ₹ 2,295 | | ₹ 2,295 |

Prepare Income and Expenditure Account of Amar Jyoti, Hisar for the year ended 31st December, 1998. Consider following information : there is a building for ₹ 20,000, on which depreciation @ 5% is to be charged, total number of members is 500 and annual fee is ₹ 5 per member.



Downloaded from cclchapter.com

15. निम्नलिखित आर्थिक चिट्ठा A और B का है जो साझेदारी में है और लाभ-हानि 3 : 2 के अनुपात में विभाजित करते हैं :

| दायित्व | धनराशि ₹ | सम्पत्तियाँ | धनराशि ₹ |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 15,000 | भूमि और भवन | 10,000 |
| देय विपत्र | 4,310 | मशीनरी और प्लांट | 4,500 |
| पूँजी खाते : | | फर्नीचर | 900 |
| A 24,000 | | रहतिया | 12,500 |
| B 9,000 | 33,000 | देनदार 22,500 | |
| | | घटाया संचिति 4,000 | 18,500 |
| | | विनियोग | 4,250 |
| | | रोकड़ | 1,660 |
| ₹ | 52,310 | ₹ | 52,310 |

उन्होंने C को साझेदारी में लिया। समझौते की शर्तें निम्नलिखित हैं –

(अ) C लाभ में 2/7 हिस्सा पाने के लिए ₹ 10,000 पूंजी और ₹ 4,400 ख्याति के लिए लायेगा।

(ब) पुराने साझेदार ख्याति में हिस्सा त्याग के अनुपात में बाँटेंगे।

(स) सम्पत्तियों का पुनर्मूल्यांकन इस प्रकार होगा–
भूमि और भवन ₹ 15,000, मशीनरी और प्लांट 4,000, रहतिया पर 10% कटौती तथा संदिग्ध ऋणों के लिए संचिति ₹ 1,000 से कम की जायेगी।

(द) विनियोग को उनके बाजार मूल्य ₹ 3,200 पर लाया जायेगा।

पुनर्मूल्यन खाता तथा नई फर्म का आर्थिक चिट्ठा बनाइए। 8

The following is the Balance Sheet of A and B who are in partnership and share profits and losses in the ratio of 3 : 2

| Liabilities | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|
| Creditors | 15,000 | Land and Buildings | 10,000 |
| Bills Payable | 4,310 | Machinery and Plant | 4,500 |
| Capital Accounts : | | Furniture | 900 |
| A 24,000 | | Stock | 12,500 |
| B 9,000 | 33,000 | Debtors : 22,500 | |
| | | Less Reserve 4,000 | 18,500 |
| | | Investment | 4,250 |
| | | Cash | 1,660 |
| | ₹ 52,310 | | ₹ 52,310 |

They admit C into partnership. The terms of agreement are as under

(i) C to bring ₹ 10,000 as capital and ₹ 4,400 for goodwill in order to get 2/7 share in profit.

(ii) Goodwill is to be shared by old partners in ratio of sacrifice.

(iii) Assets are to be valued as : Land and Building ₹ 15,000, Machinery and Plant ₹ 4,000; Stock to be discounted at 10% and Reserve for doubtful debts be reduced by ₹ 1,000.

(iv) Investments are to be brought down at their market price being ₹ 3,200.

Prepare Revaluation Account and Balance Sheet of the new firm.

अथवा (OR)



Downloaded from cclchapter.com

A, B और C एक फर्म में साझेदार हैं और लाभालाभ बराबर अनुपात में बाँटते हैं। उन्होंने 31 मार्च, 2009 को फर्म का विघटन किया। इस तिथि को इस फर्म का चिट्ठा निम्नांकित था –

| दायित्व | | धनराशि ₹ | सम्पत्तियाँ | धनराशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 60,000 | स्थायी सम्पत्तियाँ | 1,00,000 |
| पूंजी : | | | चालू सम्पत्तियाँ | 40,000 |
| A | 30,000 | | रोकड़ | 10,000 |
| B | 30,000 | | | |
| C | 30,000 | 90,000 | | |
| | ₹ | 1,50,000 | ₹ | 1,50,000 |

सम्पत्तियों से उनके पुस्तकीय मूल्य से 10% कम वसूल हुए। लेनदारों को पूरा भुगतान किया गया। समापन व्यय ₹ 500 हुए जिनका नकदी में भुगतान किया गया। एक संदिग्ध दायित्व के लिए जिसकी पुस्तकों में कोई व्यवस्था नहीं थी, ₹ 500 भुगतान किये गये। आवश्यक खाते बनाइए।

A, B and C are partners in a firm and share profit and losses equally. They dissolved the firm on 31st March, 2009. On this date the balance sheet of this firm was as under –

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 60,000 | Fixed Assets | 1,00,000 |
| Capitals : | | | Current Assets | 40,000 |
| A | 30,000 | | Cash | 10,000 |
| B | 30,000 | | | |
| C | 30,000 | 90,000 | | |
| | ₹ | 1,50,000 | ₹ | 1,50,000 |

10% less than book value was realised from assets. Creditors were paid in full. Dissolution expenses amounted to ₹ 500 which were paid in cash. An amount of ₹ 500 was paid for contingent liabilities for which no provision was made in the books of accounts. Prepare necessary accounts.

## भाग – 'ख' (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

## Part – 'B' (Analysis of Financial Statements)

16. वित्तीय विवरणों के विश्लेषण का अर्थ समझाइये। 2
Explain the meaning of 'Analysis of financial statements'.

17. रोकड़ प्रवाह विवरण के कोई दो उपयोग बताइये। 2
Give any two uses of cash flow statement.

18. वित्तीय विवरणों के विश्लेषण की किन्हीं तीन सीमाओं को संक्षेप में समझाइये। 3
Explain briefly any three limitations of analysis of financial statements.

19. दर्शाइये कि आप निम्नलिखित अनुपातों की गणना कैसे करेंगे ? 3
(अ) देनदार आवर्त अनुपात (ब) स्कन्ध आवर्त अनुपात
(स) परिचालन अनुपात
Show how you will calculate the following ratio :
(a) Debtors Turnover Ratio (b) Stock Turnover Ratio
(c) Operating Ratio



Downloaded from cclchapter.com

20. निम्नलिखित सूचना से परिचालन अनुपात की गणना कीजिए – 4

बेचे गये माल की लागत ₹ 3,00,000; परिचालन व्यय ₹ 1,20,000; विक्रय ₹ 5,20,000 एवं विक्रय वापसी ₹ 20,000.

Calculate operating ratio from the following information –

Cost of goods sold ₹ 3,00,000; Operating expenses ₹ 1,20,000; Sales ₹ 5,20,000 and Sales returns ₹ 20,000.

21. 31 दिसम्बर, 2012 व 2013 के निम्न चिट्ठे एकता लि. द्वारा प्रस्तुत किये गये हैं –

| दायित्व | धनराशि ₹ 2012 | धनराशि ₹ 2013 | सम्पत्तियाँ | धनराशि ₹ 2012 | धनराशि ₹ 2013 |
|---|---|---|---|---|---|
| अंश पूँजी | 3,00,000 | 3,00,000 | भवन घटाया ह्रास | 2,50,000 | 2,40,000 |
| सामान्य संचय | 13,250 | 6,000 | प्लाण्ट घटाया ह्रास | 45,000 | 42,500 |
| विविध लेनदार | 4,250 | 2,000 | रहतिया | 2,500 | 500 |
| | | | देनदार | 7,500 | 5,000 |
| | | | रोकड़ | 12,500 | 20,000 |
| ₹ | **3,17,500** | **3,08,000** | ₹ | **3,17,500** | **3,08,000** |

वर्ष 2013 में कम्पनी द्वारा की गयी बिक्री ₹ 10,92,500 थी। कम्पनी द्वारा कोई लाभांश नहीं दिया गया है। भवन व प्लाण्ट के मूल्य में परिवर्तन पूर्णतः 2013 के ह्रास के कारण है। रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए। 6

Akta Ltd. has presented the following Balance Sheets as at 31st December, 2012 and 2013 –

| Liabilities | Amount ₹ 2012 | Amount ₹ 2013 | Assets | Amount ₹ 2012 | Amount ₹ 2013 |
|---|---|---|---|---|---|
| Share Capitals | 3,00,000 | 3,00,000 | Building less Dep. | 2,50,000 | 2,40,000 |
| General Reserve | 13,250 | 6,000 | Plant less Dep. | 45,000 | 42,500 |
| Sundry Creditors | 4,250 | 2,000 | Stock | 2,500 | 500 |
| | | | Debtors | 7,500 | 5,000 |
| | | | Cash | 12,500 | 20,000 |
| ₹ | **3,17,500** | **3,08,000** | ₹ | **3,17,500** | **3,08,000** |

Sales made by the company amounted to ₹ 10,92,500 during the year 2013. No dividend has been paid by the company. The changes in Building and plant values are fully due to depreciation charges for 2013. Prepare a Cash Flow Statement.



Downloaded from cclchapter.com

## भाग – 'ग' (अभिकलित्र लेखांकन)

## Part — 'C' (Computerised Accounting)

16\. लेखांकन में वर्कशीट का क्या उपयोग है ? 2

What is the use of worksheet in accounting ?

17\. टैली में सिंगल व मल्टीपल ग्रुप बनाने की प्रक्रिया समझाइये। 2

Explain the process of creating single and multiple groups in Tally.

18\. कम्प्यूटराइज्ड लेखांकन पद्धति की अवधारणा को समझाइये। 3

Explain the concept of Computerised Accounting System (CAS).

19\. डी.बी.एम.एस. के कोई तीन लाभ बताइये। 3

Give any three advantages of D.B.M.S.

20\. 'डाटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर' (डी.बी.ए.) का क्या कार्य है ? 3

What is the function of Database Administrator (DBA) ?

21\. (क) मैसर्स मारुति लि. 30 व्यक्तियों को नियुक्त करते हैं, जिनके वेतन में मूल वेतन, महँगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता तथा शहरी क्षतिपूर्ति भत्ता सम्मिलित हैं। भुगतान के निम्नलिखित नियम हैं–

भत्तों की गणना करने के लिए निम्नलिखित डाटा का एम.एस. एक्सेस में उपयोग करते हुए एस.क्यू. एल. में प्रश्न लिखिए।

मकान किराया भत्ता : ₹ 25,000 मूल वेतन तक ₹ 4,000; ₹ 35,000 मूल वेतन तक ₹ 8,000; ₹ 35,000 मूल वेतन से अधिक पर ₹ 10,000.

शहरी क्षतिपूर्ति भत्ता : मूल वेतन का 12% की दर की दर से लेकिन न्यूनतम ₹ 2,500. 4

M/s Maruti Ltd. employs 30 persons whose salary comprises Basic pay, Dearness Allowance, House Rent Allowance and City Compensatory Allowance. the following are the rules that govern the payment.

Write the queries in SQL using the following data in MS-Access to compute the allowances :

House Rent Allowance : ₹ 4,000 upto a Basic Pay of ₹ 25,000; ₹ 8,000 upto Basic Pay of ₹ 35,000 and ₹ 10,000 for Basic Pay above ₹ 35,000.

City compensatory Allowance : @ 12% of Basic Pay subject to minimum of ₹ 2,500.

(ख) निम्नांकित सूचना के आधार पर मासिक एवं वार्षिक ब्याज की दर की गणना हेतु स्प्रैडशीट फॉर्मूला लिखिए –

| | |
|---|---|
| ऋण की धनराशि | ₹ 60,000 |
| ऋण की अवधि | 5 वर्ष |
| मासिक किश्तों की धनराशि | ₹ 1,200 |
| किश्तों की संख्या | 60 |

3

Write spread sheet formula to find out monthly and annual rate of interest on the basis of following informations :

| | |
|---|---|
| Loan Amount | ₹ 60,000 |
| Term of Loan | 5 years |
| Amount of monthly Instalment | ₹ 1,200 |
| No. of Instalments | 60 |

********



Downloaded from cclchapter.com